प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–10.03.2023 (सं0–164)

तमिलनाडु राज्य में बिहार के श्रमिक का जान से मारने की भ्रामक खबर का खण्डन तथा गोपालगंज पुलिस की कार्रवाई

गोपालगंज जिले के माधोपुर ओ0पी0 के माधोपुर पंचायत के मुखिया संतोष प्रसाद को उमेश महतो नामक व्यक्ति के द्वारा मोबाइल पर सूचना दी गयी कि तिरुपुर में उन्हें तथा रवीन्द्र महतो को हिन्दी भाषी जानकर स्थानीय लोगों के द्वारा मारपीट की गयी जिसमें रवीन्द्र महतो की मृत्यु हो गयी। स्थानीय मुखिया द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। सूचना का सत्यापन किया गया तथा तिरुपुर के पुलिस हेल्पलाइन पर जानकारी ली गयी तो तमिलनाडु पुलिस के द्वारा बताया गया कि ऐसी कोई घटना नहीं घटी है। पुलिस के द्वारा रवीन्द्र महतो तथा उमेश महतो के मोबाइल का टॉवर लोकेशन लेने पर ज्ञात हुआ कि उनका लोकेशन कर्नाटक राज्य के बंगलोर शहर का है। कर्नाटक पुलिस से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति की मृत्यु रेलवे पटरी पर दुर्घटना में हुयी है। इस सम्बन्ध में वहाँ यू0डी0 काण्ड अंकित किया गया है। व्हाट्सऐप पर फोटो प्राप्त होने पर मृतक की पहचान रवीन्द्र महतो के रूप में हुयी।

उमेश महतो कर्नाटक से कल दिनांक 09.03.2023 को माधोपुर अपने घर पहँचा है, जिसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक पूछताछ की जा रही है। भ्रामक खबर फैलाने के आरोप में उमेश महतो के विरुद्ध प्राथमिकी अंकित कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

xxxxxxxxx